आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 24.11.2024 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

2. उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने पर्यटन गतिविधियों से संबंधित नीतियों, सीधी भर्ती के लिए मार्गदर्शिका, उत्तरी सिंक द्वीप के लिए एस ओ पी और अंडमान निकोबार प्रशासन के नए लोगो का अनावरण किया।

3. उप–राज्यपाल ने प्रशासन द्वारा पारदर्शी तरीके से आयोजित की गई रोज़गार मेले और पर्यटन क्षेत्र के विकास में क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की सराहना की ।

4. केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने भारत के विकास में योगदान देने के लिए युवाओं को राष्ट्रीय युवा महोत्सव दो हजार पच्चीस में भाग लेने का अनुरोध किया।

5. समाज कल्याण सचिव एल. कुमार ने डिगलीपुर में तीन नव–निर्मित आंगनवाड़ी केन्द्रों का उद्घाटन किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और **news on air** मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

<><><><><><><>

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कल नई दिल्ली में हज सुविधा ऐप 2.0 का शुभारंभ किया। श्री रिजिजू ने कहा कि इस बार सरकार ने हज यात्रियों को बेहतरीन सुविधाएं, सेवाएं और अनुभव प्रदान करने का लक्ष्य रखा है।

<><><><><><><>

उप–राज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने राज निवास के सम्मेलन कक्ष में पर्यटन गतिविधियों से संबंधित नीतियों, सीधी भर्ती के लिए मार्गदर्शिका, उत्तरी सिंक द्वीप के लिए एस ओ पी और अंडमान निकोबार प्रशासन के नए लोगो का अनावरण किया। इस अवसर पर उप–राज्यपाल ने अपने संबोधन में प्रशासन द्वारा समय–समय

पर रोज़गार मेला आयोजित कर विभिन्न विभागों में पारदर्शी तरीके से रिक्तियों को भरे जाने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि द्वीपसमूह देश भर में आयोजित रोज़गार मेले के दौरान एक ही केन्द्र से अधिकतम नियुक्ति पत्र देने के मामले में पहले स्थान पर रहा। पर्यटन नीतियों के बारे में बताते हुए उप–राज्यपाल ने पर्यटन विभाग द्वारा द्वीपों में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग पक्षी अवलोकन, कारवां, लक्ज़री और ग्लैम्पिंग पर्यटन के माध्यम से द्वीपों में पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। कार्यक्रम में मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कहा कि पर्यटन और मत्स्य परियोजना के कार्यान्वयन पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाता है, ताकि द्वीपों को आर्थिक रूप से विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा पांच नीतियों में से तीन नीतियों का अनावरण किया गया और दो नीतियां प्रगति पर है।

पर्यटन सचिव श्री विश्वेन्द्र ने पर्यटन विभाग की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि उत्तरी सिंक द्वीप में मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई है, जिसके तहत क्षेत्र में पर्यटकों के लिए वन्य जीव जलयान परमिट, जहाज टिकट, बुनियादी सुविधाएं, पर्यावरण संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सचिवालय के सचिव, पर्ल सी. अरविंद ने मिशन मोड में सुचारू रूप से भर्तियां करने में सहायता देने के लिए उप–राज्यपाल और मुख्य सचिव के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। पर्यटन निदेशक अज़रूद्दीन जहीरूद्दीन काज़ी ने लोगों के लिए आर्थिक अवसर पैदा करने, स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने की आपार संभावनाओं की सराहना करते हुए उप–राज्यपाल और मुख्य सचिव के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रशासन के नए लोगो का अनावरण किया गया। यह लोगो द्वीपसमूह के डिजाइनर जगजीवन राम द्वारा डिजाइन किया गया है। इसमें द्वीपसमूह की ऐतिहासिक विरासत जैसे सेल्यूलर जेल, अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, आज़ाद हिन्द फौज सेतु, सोलार, ट्रांसशिपमेंट और राज्य वनस्पति तथा जीव–जंतु को दर्शाया गया है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने भारत के विकास में योगदान देने के लिए युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के प्रधानमंत्री के विज़न को दोहराते हुए, "विकसित भारत युवा नेता संवाद" की घोषणा की। इस सिलसिले में युवाओं को राष्ट्रीय युवा महोत्सव दो हजार पच्चीस में भाग लेने का अनुरोध किया गया है। चार चरणों में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में भाग लेने के लिए युवा खुद को **mybharat.com** पर पंजीकृत करवा सकते हैं। पहले चरण में विकसित भारत क्विज़ का आयोजन किया

जाएगा। इसके तहत पच्चीस से पांच दिसम्बर तक आयोजित होने वाले डिजिटल क्विज़ में पन्द्रह से उनतीस वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। इसमें भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों के बारे में प्रश्न पूछा जाएगा। दूसरे चरण में पहले चरण के विजेता दस चिन्हित विषयों जैसे 'विकसित भारत के लिए तकनीक' और 'विकसित भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना' पर निबंध और ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता मे भाग लेंगे। दूसरे चरण में सफल होने वाले प्रतिभागी, तीसरे चरण में राज्य स्तर पर अपने चुने हुए विषयों पर विचार प्रस्तुत करेंगे। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रत्येक राज्य, राष्ट्रीय स्तर के लिए प्रतिभागियों का चयन कर टीमों का गठन करेगी। अंतिम चरण में अगले वर्ष राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अंतर्गत नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित होने वाले विकसित भारत राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष विकसित भारत के लिए अपने दृष्टिकोण और विचार प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। विकसित भारत युवा नेता संवाद से संबंधित सभी विवरण माई भारत प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान के अपने तीन दिवसीय यात्रा के दौरान, समाज कल्याण सचिव एल. कुमार ने डिगलीपुर में कल एकीकृत बाल विकास सेवा ग्रामीण परियोजना के तहत तीन नवनिर्मित आंगनवाड़ी केंद्रों–कलारा, गणेशनगर–**I** और गणेशनगर–**II** का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में प्रत्येक बच्चे, विशेष रूप से ग्रामीण या वंचित क्षेत्रों में पर्याप्त पोषण और शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नबाग्राम ग्राम पंचायत की प्रधान प्रतिमा रॉय, क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य जयंती ज्योति और समुदाय के लोग उपस्थित थे। डिगलीपुर की बाल विकास परियोजना अधिकारी इंदिरा देवी ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए संबंधित विभाग से मिले सहयोग और समुदाय की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और गांव में आंगनवाड़ी केंद्रों के योगदान के बारे में बताया। प्रधान और जिला परिषद सदस्य ने क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने के लिए समाज कल्याण सचिव के प्रति आभार प्रकट किया।

<><><><><><><>

आयुष्मान भारत– प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है। देश भर के सभी वरिष्ठ नागरिकों को इसमें शामिल करने के लिए अब इस योजना को विस्तारित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य सभी सत्तर वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये का निःशुल्क उपचार प्रदान करना है। योजना के तहत नामांकित बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना की वेबसाइट पर जाकर लाभार्थी अपना नामांकन कर सकते हैं। पंजीकरण के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर सहायता के लिए नजदीकी स्वास्थ्य संस्थानों से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

बाराटांग के ओरलकच्छा फॉरेस्ट मैदान मे ज़िला परिषद कप फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। कल खेले गए मैच में राफ्टरक्रीक ने ओरलकच्छा–बी को एक–शून्य से पराजित किया। दूसरे मैच में ओरलकच्छा–ए बॉयस की टीम ने खारा नाला को दो–एक से हराया। आज नयाडेरा और खट्टाखाड़ी के बीच पहला मैच दोपहर ढाई बजे खेला जाएगा और दूसरा मैच शाम साढ़े तीन बजे होगा।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय में विभिन्न पदों पर चयनित उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच का कार्य किया जाएगा। उम्मीदवारों से कल स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में उपस्थित रहने को कहा गया है। पदों के हिसाब से जांच की समय सारणी प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

<><><><><><><>